शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
ब्लॉक–सी, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर
अटल नगर (छत्तीसगढ़)

क्र.शी.मु.क.कौ.प.प. / 126 / 2023 / 32                नवा रायपुर, दिनांक 5/6/2023

प्रति,

आयुक्त,
जन सम्पर्क संचालनालय,
ब्लॉक–ए, भूतल, इन्द्रावती भवन
नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)

विषयः–जनहित में परिषद द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए मूल्यांकनकर्ताओं के पंजीयन की सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने बाबत्।

-----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल परीक्षा परिषद रायपुर छ0ग0 द्वारा आयोजित की जाने वाली हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन की कम्प्युटर में गति की कौशल परीक्षाओं के लिये मूल्यांकनकर्ताओं का पंजीयन किया जाना है।

अतः उक्त समाचार जनहित में प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्न :- प्रेस विज्ञप्ति
(1) आवेदन प.

उप संचालक
शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल
परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

जनहित में समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाने वाली सूचना का प्रारूप

–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–

## मूल्यांकनकर्ता शीघ्रलेखकों का नवीन पंजीयन/नवीनीकरण

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रतिवर्ष हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन की परीक्षाएं मेन्युअल (टाईपराईटर मशनी) तरीके से आयोजित की जाती रही है।

छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्र. एफ 9–1/2008/1–3 दिनांक 1 फरवरी 2013 एवं 3 फरवरी 2022 द्वारा प्रदेश स्तर पर सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी वर्ग के पदों की शैक्षणिक योग्यताओं में पुर्ननिर्धारण किये जाने के फलस्वरूप जारी आदेशानुसार अब शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय, छ0ग0 रायपुर द्वारा हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन तथा हिन्दी/अंग्रेजी की कम्प्युटर पर साफ्टवेयर के माध्यम से कौशल (गति 5000, 8000 एवं 10000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से) परीक्षाएं आयोजित की जावेगी।

उपरोक्तानुसार हिन्दी/अंग्रेजी कम्प्युटर शीघ्रलेखन की परीक्षाओं के मूल्यांकन/डिक्टेशन/परीक्षा इत्यादि कार्य हेतु शीघ्रलेखकों का नवीन पंजीयन/नवीननीकरण किया जा रहा है। ऐसे शीघ्रलेखक जो शासकीय सेवा में 10 वर्ष की सेवा शीघ्रलेखन के पद पर करने का अनुभव रखते है वे संलग्न निर्धारित आवेदन पत्र की पूर्ति करने के पश्चात् आवेदन पत्र को कार्यालय/संस्था से अग्रेषित कराकर परिषद कार्यालय में दिनांक 31 मई 2023 तक प्रस्तुत कर सकते है इनका पंजीयन 3 वर्ष के लिए होगा।

उपरोक्त क्रम में शासकीय कोषालय में "लेखा शीर्ष" 0202–शिक्षा खेल–कूद कला तथा संस्कृति (1) सामान्य शिक्षा ( 600) सामान्य के अन्तर्गत बैंक चालान अथवा ऑनलाईन चालान रूपये 100/– जमा कराकर चालान की एक प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है। विस्तृत विवरण - विभाग की वेबसाईट Cg.education Portal में 'शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद' शीर्षक से निर्धारित प्रपत्र डाऊनलोड किया जा सकता है।

उप संचालक,
शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर
कौशल परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

## शीघ्रलेखन एवं कम्प्युटर मुद्रलेखन की कौशल परीक्षाओं के लिए परीक्षक / डिक्टेटर / मूल्यांकनकर्ताओं का पंजीयन

—:: आवेदन पत्र ::—

प्रति,

अध्यक्ष,
शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
ब्लॉक—सी प्रथम तल इन्द्रावती भवन
नवा रायपुर (छ0ग0)

1. आवेदक का नाम एवं धारित पद ..........................................................................
2. शैक्षणिक योग्यता ..........................................................................
3. शीघ्रलेखन / मुद्रलेखन योग्यता ..........................................................................

| स. क्रं. | विषय | उत्तीर्ण गति / कम्प्युटर कोर्स (पाठ्यक्रम) | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड / परिषद / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी मुद्रलेखन | | | |
| 2 | अंग्रेजी मुद्रलेखन | | | |
| 3 | हिन्दी शीघ्रलेखन | | | |
| 4 | अंग्रेजी शीघ्रलेखन | | | |
| 5 | कम्प्युटर (डिप्लोमा / डिग्री) | | | |

4. हिन्दी / अंग्रेजी शीघ्रलेखन / डिक्टेशन का अनुभव .............................. प्रणाली—.................
5. शास. सेवा में प्रथम नियुक्ति दिनांक एवं पद ..........................................................................
6. शीघ्रलेखक पद पर नियुक्ति की तिथि एवं वेतनमान ..........................................................................
   शीघ्रलेखक पद पर वरिष्ठ वेतनमान में नियुक्ति दिनांक एवं वेतन मूल वेतन..........................................
7. वर्तमान में धारित पद एवं वेतनमान ..........................................................................
8. कार्यालय का नाम जहॉ वर्तमान में पदस्थ है। ..........................................................................
9. शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद की उत्तर पुस्तिकाओं के मुल्यांकन का अनुभव :—

| स.क्रं. | विषय | वर्ष | परीक्षाओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी मुद्रलेखन | | |
| 2 | अंग्रेजी मुद्रलेखन | | |
| 3 | हिन्दी शीघ्रलेखन | | प्रणाली— |
| 4 | अंग्रेजी शीघ्रलेखन | | प्रणाली— |

निरन्तर 2

10. क्या आपके द्वारा हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन का प्रशिक्षण दिया जाता है। हाँ ☐ / नहीं ☐
यदि हाँ तो कितने वर्षों से ..........................................................................

11. शुल्क जमा राशि ........................ चालान कं. ..................................... बैंक/कोषालय का नाम ...................................................................................................... दिनांक / /2023

12. कार्यालय का दूरभाष कं. ........................निवास का दूरभाष ......................स्वयं का मो.नं. ..............

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ..........................................

पदनाम

नोटः— 1. इस आवेदन पत्र की पूर्ति के पश्चात् कृपया इसे कार्यालय/संस्था से अग्रेषित कराकर परिषद कार्यालय में जमा किया जाना है

2. पंजीयन के लिए ''लेखा शीर्ष'' 0202—शिक्षा खेल—कूद कला तथा संस्कृति (1) सामान्य शिक्षा (600) सामान्य के अन्तर्गत बैंक चालान अथवा ऑनलाईन चालान रूपये 100/—जमा कराकर चालान की एक प्रति आवेदन पत्र के साथ में जमा कर एक प्रति कृपया आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

3. पंजीयन 31 मार्च 2026 तक की अधिकतम अवधि के लिए अथवा इस अवधि के पुर्व सेवा निवृत्ति होने पर स्वतः ही निरस्त मान्य होगा।

4. मूल्यांकन कार्य हेतु बुलाने अथवा न बुलाने का अधिकार परिषद के पास सुरक्षित होगा।

5. पंजीयन पश्चात् पदस्थापना, पता एवं दूरभाष/मोबाईल आदि में कोई परिवर्तन होता है तो कृपया उसकी लिखित सूचना परिषद कार्यालय को अवश्य देवें।

6. अध्यक्ष, द्वारा परिषद में नामित सदस्य को परिषद द्वारा आयोजित बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना आवश्यक होगा, साथ ही संबंधित विभाग द्वारा उन्हे बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने की कार्यवाही करना होगा।

7. परिषद की परीक्षाओं संबंधी कार्यो के अन्तर्गत ऑब्झरवर/पर्यवेक्षक/परीक्षक/डिक्टेटर एवं मूल्यांकन कार्य आदि अवकाश दिवस में ही किया जाता है ऐसी स्थिति में कार्यादेश का पालन अनिवार्य होगा।

8. परिषद में पंजीकृत सदस्यों को परिषद के नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

9. सेवा निवृत्ति उपरान्त यदि आप किसी विभाग में संविदा नियुक्ति पर कार्य कर रहे है तो ततसंबंधी सम्पूर्ण विवरण सहित सूचना परिषद को पृथक से देना आवश्यक होगा।

10. उपरोक्त प्रपत्र में स.कं. 10 की जानकारी छुपाये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर पंजीयन निरस्त कर दिया जावेगा। इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका स्वयं का होगा।